# CONTENTS


Notepad क्या है? ..... 3
Title bar ..... 3
Menu bar ..... 4
Status bar ..... 4
Text Area ..... 4
Notepad के 5 Basic Uses ..... 5
Notepad as a Digital Diary ..... 5
To Learn Basic Task of Computer ..... 5
To View and Edit Text Files ..... 5
To Create Webpages ..... 5
To Write Scripts ..... 5
Notepad का Current Version कैसे देंखे? ..... 6
Notepad के कितने Versions (संस्करण है) ..... 6
Microsoft Notepad का वर्तमान Version जानें ..... 6
Computer में Notepad को कैसे Install करें? ..... 6
Notepad को कैसे Open करें? ..... 7
विधि 1. ..... 7
विधि 2. ..... 7
विधि 3. ..... 7
विधि 4. ..... 8
File Menu ..... 9
New ..... 9
Open ..... 9
Save ..... 9
Save As ..... 9
Page Setup ..... 9
Print ..... 10
Exit ..... 10
Edit Menu ..... 10
Undo ..... 10
Cut ..... 10
Copy ..... 10

Paste ........ 10
Delete ........ 10
Find ........ 11
Find Next ........ 11
Replace ........ 11
Go To ........ 11
Select All ........ 11
Time/Date ........ 11
Format Menu ........ 12
Word Wrap: ........ 12
Font: ........ 12
View Menu ........ 13
Status Bar ........ 13
Help Menu ........ 13
View Help ........ 13
About Notepad ........ 13

# NOTEPAD HINDI NOTES

## NOTEPAD क्या है?

Notepad एक साधारण लेकिन उपयोगी text editor है, जो Windows के हर संस्करण में सम्मिलित होता है. Notepad उपयोक्ता (users) को plain text file खोलने, पढ़ने तथा बनाने में सहायता करता है. Notepad में तैयार Text फाईल को '.txt' extension के साथ रक्षित (save) किया जाता है.




## TITLE BAR

Title bar Notepad विंडो का सबसे ऊपरी भाग है. इस बार पर Notepad मे बनाई गई फाईल के नाम को दिखाया जाता है. जब तक फाईल को रक्षित (save) नही किया जाएगा फाईल का नाम नही दिखाया जाता है और वहां "Untitled" लिखा होता है. जैसे ही हम फाईल को किसी नाम से रक्षित (save) करते है तब "Untitled" के स्थान पर फाईल नाम दिखाया जाता है.

Title bar के दांये कोने में तीन बटन होते है. इन तीन बटन में पहला बटन "Minimize" होता है जिस पर क्लिक करने से Open Program Task Bar में आ जाता है. दूसरा बटन "Maximize or Restore down" होता है. यह बटन

विंडो की width को कम या ज्यादा करने का कार्य करता है. और तीसरा बटन “Close button” है जो प्रोग्राम को बंद करने का कार्य करता है.

## MENU BAR

Menu Bar Notepad विंडो का दूसरा भाग है जो title bar के बिल्कुल नीचे होती है. इस बार मे कई विकल्प होते है जो Notepad में फाईल बनाते समय काम में लिए जाते है. Menu Bar का Notepad में बहुत अहमियत होती है. क्योंकि सारी Editing Tools इसी Bar में होते है, जिन्हें आप Menu कहते हैं. इसलिए इस Bar का बहुत Importance होता है.

## STATUS BAR

Status Bar Notepad विंडो का एक और भाग है जो text area के बिल्कुल ऊपर होती है. यह बार mouse cursor की स्थिति को दिखाती है. इस बार कि सहायता से cursor की स्थिति को आसानी से जाना जा सकता है.

## TEXT AREA

Text area Notepad का सबसे महत्वपूर्ण भाग है. और यह Notepad विंडो का सबसे बडा तथा मध्य भाग होता है. इसी क्षेत्र मे Text को लिखा जाता है. Notepad में तैयार किए जाने वाले सभी Documents के शब्दों को इसी area में लिखा जाता है.

# NOTEPAD के 5 BASIC USES (उपयोग)

हम सभी (Window User) Notepad का Use (उपयोग) Text Edit करने के लिए करते है. Notepad एक साधारण (Simple) Text editor प्रोग्राम है. जो Windows के हर संस्करण मे सम्मिलित होता है.

Notepad का अधिकतर Use साधारण Text file बनाने के लिए किया जाता है. Notepad Text Document बनाने के लिए सरल और उपयोगी Tool है. Simple Text Document बनाने के अलावा आप Notepad का और किस तरह उपयोग कर सकते है?

(Notepad को आप सिर्फ Text लिखने के लिए ही उपयोग नही करते है. बल्कि इसके द्वारा कई और भी उपयोगी कार्य किए जा सकते है. Notepad के कुछ Basic Uses.)

## NOTEPAD के 5 BASIC USES

### NOTEPAD AS A DIGITAL DIARY

Notepad का उपयोग हम एक Digital Diary के रूप में भी कर सकते है. हम कही भी अपने लिए नोट create सकते है और जब चाहे उन्हे open तथा edit कर सकते है. Notepad Digital Diary के रूप में एक सस्ता और सरल टूल है. Notepad में लिखा गया Text बिल्कुल साधारण होता है. हम इसमें किसी भी प्रकार की Formatting नही कर सकते है. इसलिए इसे Note लेने के लिए उपयोग में किया जा सकता है.

### TO LEARN BASIC TASK OF COMPUTER

Computer के Basic Task सीखने के लिए Notepad एक बेहतरीन टूल है. इसका उपयोग कोई भी नया user जो Computer पर अपने हाथ जमाना चाहता है, वह Notepad से शुरूआत कर सकता है. क्योंकि इसका उपयोग करने से हमें Computer के advance software पर कार्य करना सीखने में आसानी होती है. इसके द्वारा आप File Save करना, File Open करना, File Edit करना, उनका Print लेना आदि Basic Task सीख सकते है.

### TO VIEW AND EDIT TEXT FILES

यदि आपके पास कोई Text file है तो आप उसे Notepad की सहायता से आसानी से open कर सकते है. और आप उसमें कोई बदलाव करना चाहते है तो भी आप Notepad से कर सकते है.

### TO CREATE WEBPAGES

हम आपसे कहें कि आप जिस पाठ को पढ रहे है वह भी Notepad पर ही लिखा गया है. तो क्या आप विश्वास करंगे? आप सोच रहे होंगे कि मजाक कर रहे है. लेकिन, हम आपको बतादे कि यह 100 प्रतिशत सच है. आज भी लगभग Webpages इसी टूल की सहायता से create किये जाते है. आप चाहे तो हाथ आजमा सकते है. Notepad पर आप किसी भी प्रकार के Webpages create कर सकते है.

### TO WRITE SCRIPTS

Notepad का उपयोग हम Scripts लिखने में भी करतें है. आप Notepad पर PHP, JavaScript, Java Query, Java, C, C++ आदि भाषाओं की Scripts तथा Programming कर सकते है.

## NOTEPAD का CURRENT VERSION कैसे देंखे?


### NOTEPAD के कितने VERSIONS (संस्करण है)

Notepad एक साधारण Text Editor प्रोग्राम है. यह Windows के हर संस्करण (Versions) में उपलब्ध होता है. Notepad का इतिहास भी Windows के जितना ही पुराना है. Microsoft द्वारा Notepad को अलग से नही बनाया जाता है. इसलिए Notepad के Versions भी Windows जितने नये ही होते है. जो Version आपकी Windows का होता है, लगभग वही Version Notepad का भी होता है.

### MICROSOFT NOTEPAD का वर्तमान VERSION जानें

आप अपने Computer में Notepad का वर्तमान Version जान सकते है. इसके लिए नीचे दिए निर्देशों को पढते जाए.

1. सबसे पहले तो Notepad को Open करें. आप Notepad को Open करने के लिए हमारीNotepad को कैसे Open करें निर्देशिका को पढ सकते है.
2. इसके बाद आपको Notepad की Menu Bar से Help Menu पर क्लिक करना है.
3. Help Menu से आपको About Notepad पर क्लिक करना है.
4. About Notepad पर क्लिक करने के बाद आपके सामने कुछ इस प्रकार की एक विंडो खुलकर सामने आएगी. जिसमे Notepad का वर्तमान Version के बारे में लिखा होता है.




5. ऊपर दिखाई गई फोटो में हमने इसे लाल घेरे से दर्शाया है. आप इस घेरे में देख सकते है कि आप Notepad का कौनसा Version इस्तेमाल कर रहे है.

### COMPUTER में NOTEPAD को कैसे INSTALL करें?

Notepad एक ऐसा प्रोग्राम है जो Windows के साथ Inbuilt होता है. इसलिए Notepad को उपयोग करने के लिए इसे Install करने के आवश्यकता नही होती है. Windows को Install करते हीNotepadको Open कर इसे उपयोग कर सकते है.

Microsoft द्वारा Notepad को Third Party Software के रूप में विकसित नही किया जाता है. Notepad को Windows के साथ ही विकसित किया जाता है. इसलिए हमे इसे किसी बाहरी स्रोत से खरीदने की जरूरत नही पडती है. Notepad तो Windows के साथ ही Install हो जाता है. Computer में Notepad को हमारे इस Tutorial को पढकर खोज सकते है.

## NOTEPAD को कैसे OPEN करें?


### विधि 1.

यह तरीका बहुत ही आसान और जाना-माना है. और कम्प्युटर में ज्यादातर इसी तरीके से अपने मन पसंद Software को Open किया जाता है. इस विधि से “MS Notepad” को हम सिर्फ चार क्लिक से Open कर सकते है. चलो हम भी Notepad को इस तरीके से Open करना सीखे. “Windows Start Button” पर क्लिक करें. या फिर की-बोर्ड से “Windows logo key” दबाए.

1. फिर “All Programs” पर क्लिक करें.
2. इसके बाद “Accessories” पर क्लिक करें.
3. और फिर “Notepad” पर क्लिक करें और “MS Notepad” आपके सामने है.

### विधि 2.


1. सबसे पहले “Windows Start Button” पर क्लिक करें.
2. फिर आपको “Windows Search Box” में ‘notepad’ लिखना है.





3. इसके बाद आप “Enter” बटन दबाएं और आपके सामने “MS Notepad” open हो गया है.

### विधि 3.

1. सबसे पहले “windows key + R” की-बोर्ड के माध्यम से दबाए
2. इस शॉर्टकट को दबाने के बाद आपके सामने कुछ इस प्रकार की window खुल कर आएगी.




3. यह विंडॉज का ‘run box’ है इसके सर्च बॉक्स में आपको “notepad” या ‘NOTEPAD’ लिखना है. याद रखें की जैसे यहां ‘notepad’ या ‘NOTEPAD’ को लिखा गया है इसे हू-ब-हू लिखना है इसमे स्पेस नही देना है.





4. इसके बाद आप माउस से ‘OK’ पर क्लिक करें या फिर की“ बोर्ड से-Enter” बटन दबाएं और आपके सामने “MS Notepad” Open हो जाएगा.

## विधि 4.

यह विधि सबसे छोटी और आसान है. इसमे आपको सिर्फ एक क्लिक करना है और “MS Notepad” आपके सामने खुल जाएगा. चलो इस विधि का अध्ययन करें.

1. अपने डेस्कटॉप पर “MS Notepad” का आइकन खोजें
2. जब आपको यह दिख जाए तो इस पर ‘Mouse’ को ले जाए तो आप देखेंगे कि इसे एक वर्ग ने घेर लिया है. अब इस आइकन पर अपने ‘Mouse’ की बांयी क्लिक को दो बार (double-click) जल्दी से दबाएंगे तो ‘MS Notepad’ open हो जाएगा.
3. यदि आपने ‘MS Notepad’ को ‘Taskbar’ पर पिन किया हुआ है तो आप ‘MS Notepad’ आइकन पर एक क्लिक कर ‘MS Notepad’ open कर सकते है.

## FILE MENU




Notepad की File Menu में निम्न विकल्प होते है.

### NEW

New Command का उपयोग नोटपैड में नया Document बनाने के लिए किया जाता है. इस कमांड को आप Keyboard Ctrl + N से कर सकते है. New कमांड से आपके सामने एक खाली नोटपैड Window खुल जाती है।

### OPEN

Open Command का उपयोग नोटपैड में पहले से Save Document को Open करने के लिये किया जाता है। जब आप इस पर क्लिक करते है तो आपके सामने Notepad Open Dialog Box खुल जाता है. इस Command का keyboard shortcut Ctrl + O है।

### SAVE

Save Command का उपयोग नोटपैड में बनायए गए Document को Save करने के लिए किया जाता है। इस command की shortcut key Ctrl + S होता है।

### SAVE AS

Save as Command का उपयोग Notepad में पहले से Save Document को किसी अन्य नाम से Save करने के लिए किया जाता है। Save as के व्दारा पहले से Save का File Name, File Type और Encoding आदि में परिवर्तन किया जा सकता है।

### PAGE SETUP

Page Setup कमांड का उपयोग Notepad में Page के आकार को बदलने के लिए किया जाता है. इस कमांड के व्दारा Page का Size, Orientation, Margin आदि को Set किया जा सकता है।

## PRINT

Print कमांड का उपयोग Notepad में बनाये गए Document का Print लेने के लिए किया जाता है. इस कमांड को आप Keyboard Shortcut CTRL +P के व्दारा भी कर सकते है. Print कमांड से आपके सामने Notepad Print Dialog Box खुल जाता है।

## EXIT

Exit कमांड का उपयोग Notepad का उपयोग Notepad को बंद करने के लिए किया जाता है. इस कमांड से आप Notepad से बाहर आ जाते है.

# EDIT MENU

## UNDO

Undo कमांड का उपयोग Notepad में पिछले कार्य को वापस लाने के लिए किया जाता है. जैसे, आपने अभी एक शब्द लिखा और वह गलती से आपसे Delete हो गया है. तो आप Undo के द्वारा उस शब्द विशेष को वापस ला सकते है.

## CUT

Cut कमांड का उपयोग किसी शब्द/शब्द समूह को एक जगह से हटाकर दूसरी जगह पर लिखने के लिए किया जाता है. किसी शब्द/शब्द समूह को Cut करने के लिए उसे पहले Select करना होता है. Cut की Shortcut Key CTRL + X है.

## COPY

Copy कमांड का उपयोग किसी शब्द/शब्द समूह को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाने के लिए किया जाता है. किसी शब्द/शब्द समूह को Copy करने के लिए उसे पहले Select करना होता है. Copy की Keyboard Shortcut CTRL + C है.

## PASTE

Paste कमांड का उपयोग Cut या Copy किए गए शब्द/शब्द समूह को लिखने के लिए किया जाता है. किसी शब्द/शब्द समूह को Paste करने के लिए उन्हें पहले Cut या Copy करना जरूरी है. Paste की Shortcut Key CTRL + V है.

## DELETE

Notepad डॉक्युमेंट में Selected शब्द/शब्द समूह को हटाने के लिए Delete कमांड का उपयोग किया जाता है. Delete की Shortcut Key Del है.

## FIND

Find कमांड का उपयोग किसी विशेष शब्द/शब्द समूह को खोजने के लिए किया जाता है. इस कमांड के उपयोग से हम Notepad डॉक्युमेंट में उपलब्द शब्द/शब्द समूह को आसानी से खोज सकते है. Find कमांड की Keyboard Shortcut CTRL + F है.

## FIND NEXT

यह कमांड Find से ही संबंधित है. Find कमांड द्वारा खोजे गए शब्द/शब्द समूह के जैसे अगले शब्द पर जाने के लिए Find Next कमांड का उपयोग किया जाता है. इस कमांड की Shortcut Key F3 है.

## REPLACE

Replace कमांड के द्वारा किसी शब्द/शब्द समूह की जगह पर दूसरे शब्द/शब्द समूह लिखने के लिए किया जाता है. इस कमांड की Shortcut Key CTRL + H है.

## GO TO

Go To कमांड के द्वारा डॉक्युमेंट में किसी भी Line पर जाने के लिए किया जाता है. इस कमांड की Shortcut Key CTRL + G है.

***Note:*** *यह command Word Wrap On होने पर कार्य नही करती है. इसलिए इस कमांड का उपयोग करने से पहले Word Wrap को Off कर लें.*

## SELECT ALL

Select All कमांड का उपयोग Notepad में सभी लिखे गए शब्दों/शब्द समूह को एक बार में Select करने के लिए किया जाता है. इस कमांड की Keyboard Shortcut CTRL + A है.

## TIME/DATE

Notepad Document में वर्तमान Time/Date लिखने के लिए इस कमांड का उपयोग किया जाता है. Time/Date कमांड की Shortcut Key F5 है.

## FORMAT MENU

Notepad की Format Menu में निम्न विकल्प होते है. प्रत्येक कमांड के बारे में नीचे बताया गया है. आप यहाँ से इन कमांड के बारे में जान सकते है.

### WORD WRAP:

यह एक खास और बेहद उपयोगी कमांड है. Notepad में Text को बिना Scrolling के देखने के लिए Word Wrap का उपयोग किया जाता है. यदि आपका Document Left Side में अधिक जा रहा है. तो आप Word Wrap का उपयोग करके सारे Text को एक ही बार में देख सकते है. Word Wrap करने से Text नीचे आ जाता है. इसलिए हम उसे बिना Scrolling के देख पाते है.

### FONT:

Font कमांड का उपयोग डॉक्युमेंट की Font Style बदलने के लिए किया जाता है. इसके द्वारा आप Font Size, Font Colour, Font Name आदि अपनी पसंद के अनुसार बदल सकते है.

## VIEW MENU

Notepad की View Menu में निम्न विकल्प होते है.

### STATUS BAR

Status Bar एक आडी पट्टी होती है. यह Task bar के बिल्कुल ऊपर होती है. इसे Check करने पर यह उपस्थित हो जाती है. और Unchecked करने पर यह अनुपस्थित हो जाती है. Status Bar Notepad में आपको Cursor की वर्तमान स्थिति को दर्शाती है. इस Bar पर Cursor कौनसी Line के किस Column में है की संख्या को दर्शाया जाता है. मतलब आप इस समय Notepad Document में कहाँ पर लिख रहे है.

## HELP MENU

Notepad की Help Menu में निम्न विकल्प होते है.

### VIEW HELP

View Help द्वारा Microsoft Windows द्वारा Notepad के लिए उपलब्ध Help and Support को देखने के लिए किया जाता है. Notepad के लिए उपलब्ध Help and Support बहुत उपयोगी होती है. Notepad Help के द्वारा आप Notepad को उपयोग करने के बारे में सीख सकते है. इसमें आपको Notepad को सही तरीके से उपयोग करने के बारे में बताया जाता है.

### ABOUT NOTEPAD

About Notepad कमांड के द्वारा Notepad के बारे में जानने के लिए किया जाता है. इस पर क्लिक करने पर About Notepad Box खुल जाता है. इसमे Notepad के Version, Copyright आदि के बारे में सूचना होती है.